# राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा (म.प्र.)

RAJA SANKAR SAH UNIVERSITY, CHHINDWARA (M.P.),

आज़ादी का अमृत महोत्सव

P.G. College Campus Dharam Tekri, Chhindwara Phone (o)- 07162-230266 Email-registrar.cuc@mp.gov.in


क्र. 30358 /भण्डार/उपाधि/रा.श.श.वि./2025 छिंदवाड़ा दिनांक : 19/11/2025

## //उपाधि आदि का मुद्रण निविदा वर्ष 2025–26//

विषय :– स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की उपाधि के मुद्रण किये जाने के संबंध में ई–निविदा आंमत्रण सूचना/विज्ञप्ति।

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा द्वारा उपाधि क्रय/मुद्रण हेतु प्रतिष्ठित एवं अनुभवी फर्म/अभिकरण से ऑनलाईन निविदाएं (Two Bid Tender System परिशिष्ठ अ एवं ब) तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण/शर्तें www.mptender.gov.in पर उपलब्ध है, तथा यह राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा, की वेबसाइट www.cuc.ac.in पर भी देखा जा सकता है।

निविदाकर्ता निम्नलिखित विवरण अनुसार निविदा प्रस्तुत करे :–

| | |
|---|---|
| **ऑनलाईन निविदा क्रय करने की प्रारंभिक तिथि** | **22/11/2025** |
| **ऑनलाईन निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि** | **05/12/2025** |
| **ऑनलाईन निविदा भरने की अंतिम तिथि** | **05/12/2025** |

निविदा (Two Bid Tender System परिशिष्ठ अ–ब) उपस्थित निविदाकारों या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष विश्वविद्यालय में गठित समिति द्वारा दिनांक 08/12/2025 को समय दोपहर 12:00 बजे कुलसचिव कार्यालय राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में खोले जावेगे। निविदाकारों से अनुरोध है कि तकनीकि बीड से संबंधित दस्तावेजों को आनलाईन तथा एक प्रति ऑफलाईन सील बंद लिफाफे में भण्डार विभाग, राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा को दिनांक 05/12/2025 को 5:00 PM तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा अन्य माध्यम से प्रस्तुत किये जा सकेगें। डाक वितरण (Postal delays) में किसी भी प्रकार के विंलब के लिए विश्वविद्यालय उत्तरदायी नहीं रहेगा।

**नोटः–** निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन समाचार पत्र के माध्यम से नहीं किया जावेगा। यह केवल विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.cuc.ac.in पर ही प्रकाशित किया जावेगा।

कुलसचिव,
राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, 19/11/25
छिंदवाड़ा

## //निविदाकर्ता हेतु आवश्यक अर्हकारी शर्ते//

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य के रूप में राशि रूपये 2000/– (दो हजार रूपये मात्र) www.mptender.gov.in पर जमा करना होगा। यह राशि वापसी योग्य नहीं है।
2. निविदा का अनुमानित मूल्य 55 लाख रूपये होगा। (सुरक्षा राशि EMD न्यूनतम 3 प्रतिशत अर्थात 1,65,000/– (एक लाख पैसठ् हजार रूपये मात्र)) एमपी टेण्डर में ऑनलाईन जमा कर उसकी एक प्रति राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय में जामा करना होगा। म.प्र. के सूक्ष्म एवं लघु उद्यम तथा स्टार्टअप को निविदा की प्रतिभूति (Earnest Money Deposit) के भुगतान से छूट रहेंगी। (म.प्र. शासन के आदेश क्रमांक एफ 9–20/2021/ अ–73, भोपाल, दिनांक 13/01/2023)
3. निविदाकार को निविदा में भाग लेने हेतु स्वयं की फर्म का पंजीकृत वाणिज्यक कर नं. (GST NUMBER), आयकर विभाग का स्थायी खाता क्र. (PAN) की स्वयं सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. तीन असेसमेंट वर्षो (2023–24, 2024–25 एवं 2025–26) का आयकर रिर्टन (सीए द्वारा अडिटेड) संलग्न करना अनिवार्य है।
5. फर्म का पंजीयन प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा एवं स्थायी पते के लिये संपत्तिकर/टेलीफोन बिल/गुमास्ता लायसेंस/नगर निगम लायसेंस बिल/विद्युत बिल इसमें से कोई भी एक प्रमाण–पत्र की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
6. किसी शासकीय, अर्द्वशासकीय संस्था/विश्वविद्यालय में ब्लेकलिस्टेड न होने तथा सुरक्षा राशि जप्त न होने का प्रमाण पत्र (रूपये 500 के स्टाप पेपर पर नोटराईज्ड शपथ पत्र अनिवार्य होगा)।
7. निविदाकार के पास स्वयं के स्वामित्व की उपरोक्त डिग्री मुद्रण कार्य हेतु उपयुक्त ऑफसेट मशीन, हार्ड स्टेम्पिंग मशीन तथा प्रिन्टिंग का पूर्ण यूनिट होना अनिवार्य है। इसके प्रमाण/अभिलेख संलग्न करे। ऑफसेट का शासकीय निरीक्षण रिर्पोट की छायाप्रति संलग्न करें।
8. निविदाकार द्वारा किन्हीं दो शासकीय विश्वविद्यालय में किये गये उपाधि प्रिन्टिग के कार्य आदेश की छाया प्रतियां तथा मुद्रित उपाधियों के नमूने संलग्न करें। जिसमें से एक विश्वविद्यालय मध्यप्रदेश में स्थित होना चाहिए।
9. उपाधि मुद्रण के उपयोग में लाए जाने वाले पेपर नमूने पर पेपर निर्माता मिल का नाम, पेपर का (Micron) निविदाकार फर्म के हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा। पेपर सेम्पल सहीं न पाये जाने पर निविदा निरस्त करने का अंतिम अधिकार कुलसचिव का होगा।
10. तकनीकि निविदा में सफल निविदाकार/फर्म की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी।
11. विगत तीन वर्षो का औसत टर्न ओवर 1.5 करोड़ (एक करोड़ पचास लाख रूपये) होने का सी.ए. द्वारा ओडीटेड प्रमाणिकरण प्रस्तुत करें।

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में निम्नांकित विवरण अनुसार उपाधि मुद्रण करवाया जाना है, मुद्रण से संबंधित विस्तृत विवरण नीचे दी गई सूची अनुसार करना है। सूची में 15 बिन्दु है, निविदाकर उक्त सूची का ध्यान पूर्वक अवलोकन करे इसी सूची अनुसार कार्य करना होगा –

| क्र. | मुद्रणकार्य का विशिष्टीकरण | मात्रा | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | कागज 210 माईक्रोन सफेद नॉन टेरियबल पी.ई.टी पेपर होना चाहिए/पीआरपी पेपर नहीं। साइज $29^{1/2}$X$21^{1/2}$ से..मी. होना चाहिए। | 10,0000 (एक लाख मात्र) | आवश्यकता अनुसार संख्या में कमी एवं वृद्वि की जा सकती है। |
| 2 | प्रथम पेज पर थ्री–डी होलोग्राफ एवं माइक्रो टेस्ट वर्ड मुद्रित रहेगा। | | |
| 3 | अल्ट्रावायोलेट टिंट बेस/करेंसी कार्ड नबंर, मेल/फिमेल एवं करेसी लेयर, हार्ड स्टम्पिग। | | |
| 4 | बैक पृष्ठ में ग्राफिक्स डाटा, बैक पट्‌टी सर्च करने पर ओरिजनल दिखाई देगा। चैक करने हेतु ग्राफिक्स शीट मुद्रक की ओर से देय होगा। | | |
| 5 | डिग्री के सेन्टर में अल्ट्रावायोलेट वाटर मार्क एवं फिमेल मार्क। | | |
| 6 | बायें ओर यूनिवर्सिटी का शार्ट अल्ट्रावाईलेस से नाम (अदृश्य)। | | |
| 7 | थ्री–डी होलो ग्राफ के करेंसी स्केच कोड नंबर सहित। | | |
| 8 | बैक साइट में मल्टीकलर मोनो एवं निर्देश मल्टीकलर प्रिंट रहेगा। | | |
| 9 | प्रथम पृष्ठ मल्टीकलर (6 कलर)। | | |
| 10 | रेड अल्ट्रा मार्क सभी डिग्री में रहेगा, एवं बार कोड में विश्वविद्यालय का डाटा। | | |
| 11 | डिग्री में सबसे नीचे दो स्क्रीन स्ट्रिप रहेगा जिसमें सर्च करने पर डाटा ओरिजनल दिखाई देगा। | | |
| 12 | डिग्री में चारों ओर अल्ट्रा माइक्रो बॉर्डर रहेगा। | | |
| 13 | डिग्री में बार कोड, क्यू.आर. कोड में छात्र/छात्रा का नाम/पिता का नाम/कक्षा/विषय/श्रेणी /सेंटर आदि के नाम के लिए स्थान खाली रहेगा। डिग्री में सभी गोपनीय बिन्दु समाहित रहेगा लेकिन डाटा विहिन रहेगा। | | |
| 14 | इस पेपर में मुद्रित मेटर की किसी भी स्केनर से हूबहू फोटो कॉपी नहीं की जा सकती। सिर्फ श्वेत/श्याम | | |
| 15 | पिछले भाग में सिर्फ चेकिंग बॉक्स ओरिजनल ग्राफिक्स तथा मोनो मल्टीकलर एवं प्रथम पृष्ठ भाग पर डिग्री नबरिंग ऑटो सिस्टम से प्रिंट रहेगा एवं स्केच कार्ड नंबर स्ट्रिप पेस्ट रहेगी। | | |

**डिग्री के पृष्ठ भाग पर निम्नानुसार मेटर ग्रीन कलर में प्रिंट करना होगा।**

(मोनो)

**ENTRIES CHECKED & FOUND CORRECT**

| ASSISTANT CHECKER (DEALING ASST/SUPT.) | CHECKER (SECTION OFFICER) | CHIEF CHECKER (ASST. REGISTRAR) |
|---|---|---|

## //सामान्य शर्ते//

12. सफल निविदाकार की फर्म की उत्पादन क्षमता आंकलन हेतु उनके परिसर का निरीक्षण किया जायेगा। प्रदाय की गयी सामग्री के लेब टेस्ट उपरांत ही भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

13. उपरोक्त विवरण की सामग्री के मुद्रण एवं प्रदाय हेतु पंजीकृत प्रिंटिग फर्मो से निविदा के अंतर्गत पेपर सहित मुद्रण बंधन, परिवहन एवं अन्य कार्य की दरें दर्शाते समय यह विशेष रूप से ध्यान रखा जाये की सभी करों का समावेश कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त जो भी कर समान्यतः देय होते है, उनका स्पष्ट उल्लेख किया जाकर निविदा प्रपत्र में राशि का दर्शाना आवश्यक है। दर्शायी गई दरें राजा शंकरशाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में मुद्रित सामग्री पहुंचाने तक समस्त व्यय को सम्मिलित कर दिया जावे।

14. निविदाओं में न्यूनतम दर होना ही पर्याप्त नहीं है निविदा क्रय समिति की अनुशंसा, निविदा की दर एवं मुद्रण की गुणवत्ता के आधार पर भी क्रय की अनुशंसा विश्वविद्यालय प्रशासन कर सकती है।

15. वित्तीय बीड के अनुसार वांछित सामग्री की दरों को विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत न्यूनतम दरें 01 (एक) वर्ष की अवधि के लिए मान्य रहेगी। इस संबंध में सफल निविदाकर्ता एवं विश्वविद्यालय के मध्य अनुबंध किया जावेगा तथा दोनो पक्षों की आपसी सहमति से अनुवंध को अतिरिक्त एक–एक वर्ष के लिए अधिकतम तीन वर्ष तक बढ़ाया जा सकेगा।

16. उपाधि मुद्रण के कार्यादेश प्राप्ति के एक सप्ताह के पश्चात पेपर सहित प्रिंटिग विवरण के प्रूफ का अनुमोदन विश्वविद्यालय से कराकर अनुमोदित सेम्पल अनुसार संपूर्ण सामग्री कार्यादेश प्राप्ति के 30 दिवस के भीतर अनिवार्यतः विश्वविद्यालय को प्रदाय करनी होगी। उसके पश्चात सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी। विश्वविद्यालय द्वारा अंतिम प्रूफ अनुमोदन जिस दिनांक को किया गया है प्रमाण स्वरूप अनुमोदन किए जाने संबंधी विश्वविद्यालय द्वारा जारी पत्र देयक के साथ संलग्न करना होगा।

17. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदंड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पाई गई अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाए जाने पर निष्पादन प्रतिभूति (Performance Guarantee) राशि के रूप में जमा एफ.डी.आर राजसात कर ली जावेगी। गुणवत्ता में कमी प्रतीत होने की स्थिति में लैब परीक्षण NABL अक्रेडेशन लैब से कराया जावेगा, लैब परीक्षण में जो राशि का व्यय होगा उसका वहन मुद्रक द्वारा किया जावेगा।

18. मुद्रक द्वारा मुद्रित सामग्री की आपूर्ति के उपरांत देयक मुद्रण कार्य की गुणवत्ता, संख्या, मालप्राप्ति की संतुष्टि/उसकी मात्रा के प्रमाण–पत्र के साथ रेण्डम नमूने सहित देयक तीन प्रतियों में विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करना होगा। मुद्रक द्वारा प्रस्तुत देयकों पर नियमानुसार करों का कटौत्रा कर भुगतान किया जायेगा।
19. सफल निविदाकार इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के चार कार्य दिवस के अंदर कुल मुद्रण व्यय की तीन प्रतिशत राशि का राष्ट्रीकृत बैंक से छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय के पक्ष में 12 माह की अवधि के लिए प्रतिभूति राशि या अन्य रूप में जमा कर राशि रूपये 1000 नॉन ज्यूडिशियल/स्टाम्प पेपर पर अनुबंध निष्पादित करना होगा। यदि अनुबंध हेतु फर्म का अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित होता है तो अधिकार पत्र प्रस्तुत करना होगा।
20. मुद्रित सामग्री प्रदाय में विलम्ब की स्थिति में प्रतिदिवस कुल लागत की 0.5% शास्ति अधिरोपित की जावेगी।
21. निविदाकार द्वारा निष्पादन प्रतिभूति के रूप में जमा तीन प्रतिशत राशि उनके द्वारा समस्त प्रकार के कर अदायगी की पावती/चालान की सत्यापित प्रति उपलब्ध कराने पर मुक्त की जायेगी।
22. उपाधि की संख्या में वृद्धि/कमी करने का अधिकार विश्वविद्यालय के पास रहेगा।
23. आवश्यकतानुसार उपाधि मुद्रित करने हेतु पृथक–पृथक आदेश जारी किये जा सकेगें तथा निविदा की दरों पर ही मुद्रण करना होगा।
24. निविदा के साथ निविदाकर्ता को यह घोषणा पत्र संलग्न करना आवश्यक है कि इस निविदा मे दी गई मूल्य दर से कम मूल्य की निविदा मध्यप्रदेश राज्य की किसी भी संस्था या कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई है।
25. मुद्रित उपाधि मुद्रण में विश्वविद्यालय का एकाधिकार होगा एवं उपाधि प्रदायकर्ता द्वारा पूर्णतः गोपनीय रखा जावेगा, यदि उक्त का उल्लंघन होता है तो प्रदायकर्ता फर्म पर वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी।
26. फर्म के पास स्वयं की मुद्रण व्यवस्था/क्षमता होनी चाहिए। इसका आउटसोर्स अमान्य होगा।
27. पेपर सेम्पल तथा क्वालिटी के आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा अंतिम निर्णय लिया जावेगा एवं उपरोक्त आधार पर यह आवश्यक नहीं होगा कि न्यूनतम दर वाले की दरे ही मान्य की जावे ।
28. कागज प्रदाय में देरी होने पर पेनाल्टी लगाई जानकारी जो संविदा मूल्य का अधिकतम 5 प्रतिशत होगी।

29. L-1 पाये जाने वाले फर्म का L-1 का स्पॉट वेरिफीकेशन अनुबंध के पूर्व कराया जावेगा।

30. उपाधि के नमूने का परीक्षण कुलसचिव कार्यालय में कार्यालयीन समय 11.00 बजे से 05.00 बजे के बीच तक कर सकते है।

31. BOQ में यदि कोई कर वर्तमान में शासन द्वारा प्रचलित हो तो उसे जोडकर दर अंकित करें। केवल जीएसटी विश्वविद्यालय द्वारा अलग से देय होगा।

32. तकनीकी बीड के दस्तावेज व्यवस्थित एवं इंडेक्स पेज न. सहित ऑनलाईन अपलोड करें।

**<u>नोट :–</u> नियम, तकनीकि एवं वित्तीय शर्तो पर सहमति स्वरूप प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकार अपने हस्ताक्षर, रबर सील लगाकर इसे तकनीकि निविदा के साथ संलग्न करें।**

19/11/25

कुलसचिव
राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय,
छिंदवाड़ा (म.प्र.)

परिशिष्ट 'अ'

## //तकनीकी बीड प्रपत्र//

राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय, छिंदवाड़ा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर की विभिन्न विद्यार्थियों हेतु उपाधि क्रय किये जाने के संबंध में अभिकरण निम्न प्रमाण–पत्र अनिवार्यतः संलग्न करे।

| क्रमांक | फर्म / संस्था | विवरण |
|---|---|---|
| 1 | अभिकरण/फर्म का नाम (पंजीयन पत्र संलग्न करे) | |
| 2 | फर्म/अभिकरण का वैद्य पता (गुमास्ता/वैद्य स्थापना प्रमाण/फैक्ट्री रजिस्ट्रेशन पत्र संलग्न करें) | |
| 3 | संचालक/मालिक का नाम, दूरभाष नं. तथा ईमेल आईडी | |
| 4 | संस्था का पेन नं. तथा जीएसटी नं. (साक्ष्यांकित प्रति संलग्न करें।) | |
| 5 | जमा धरोहर राशि (रू1,65,000/–) का विवरण सहित एक प्रति संलग्न करे। | |
| 6 | निविदा की सभी आवश्यक एवं सामान्य शर्ते पूरी करनी होगी। | |

निविदाकर्ता फर्म/अभिकरण के तीन असेसमेंट वर्षो का आयकर रिटर्न विवरण –

| क्रमांक | वित्तीय वर्ष | रूपये (लाख में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|
| 1 | 2023–24 | | |
| 2 | 2024–25 | | |
| 3 | 2025–26 | | |

# //घोषणा पत्र//

प्रमाणित किया जाता है कि ई–निविदा नियम/शर्ते ठीक से पढ़ने एवं समझने के पश्चात् ही निविदा में दी गई सूचनाएँ एवं उसके साथ लगायें गये दस्तावेज मेरी जानकारी एवं विश्वास में सत्य हैं। इसमें किसी भी त्रुटि/लापरवाही/गलत/भ्रामक जानकारी/जानकारी छिपाने, जाली दस्तावेज प्रस्तुत करने अथवा सम्बंधित दस्तावेजों के ई–निविदा में संलग्न न करने पर निविदा अमान्य अथवा निरस्त की जाती है तो इसके लिये मैं/फर्म/अभिकरण /संस्था जिम्मेदार होगी। इसके साथ ही मेरे हमारे विरूद्ध कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।

तिथि :

निविदाकर्ता/अधिकृत व्यक्ति के स्थान :
हस्ताक्षर
नाम :
फर्म की मोहर :

# //वित्तीय बीड प्रपत्र//

उपाधि मुद्रण दर प्रपत्र ई–निविदा 2025

फर्म का नाम –

| क्रमांक | विवरण | 210 माईक्रोन पेपर साइज $29^{1/2}$x$21^{1/2}$ से.मी नान टेयरिबेल पर प्रति उपाधि मुद्रण की दरे सभी व्ययों सहित | |
|---|---|---|---|
| | | दर प्रति उपाधि अंको में (जी.एस.टी. रहित) | दर प्रति उपाधि शब्दो में (जी.एस.टी. रहित) |
| 1 | सामाग्री सहित कम्प्यूटराइजड डिग्री डाटा मुद्रण सहित | | |
| 2 | सामाग्री सहित डिग्री फारमेट डाटा विहीन | | |

नोट :– जी.एस.टी. का भुगतान पृथक से देय होगा।

दिनांक

व्यवस्थापक के हस्ताक्षर